# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VII- 2nd Lang | Department: Hindi | Date of submission: |
|---|---|---|
| Question Bank, Grammar | Topic: मिठाईवाला | Note: Pl File in portfolio |

अति लघु प्रश्न-

प्रश्न-1 खिलौने देखकर बच्चों को कैसा लगता है?

उत्तर - खिलौने देखकर बच्चे पुलकित हो उठते हैं।

प्रश्न-2 मुन्नू ने खिलौना कितने पैसे में ख़रीदा?

उत्तर - मुन्नू ने खिलौना दो पैसे में ख़रीदा।

प्रश्न-3 खिलौनेवाला मुरली बेचने नगर में कब आया?

उत्तर - खिलौनेवाला मुरली बेचने नगर में छह महीने के बाद आया।

प्रश्न-4 मुरलीवाला कैसा साफ़ा बाँधता था?

उत्तर - मुरलीवाला बीकानेरी रंगीन साफ़ा बाँधता था।

प्रश्न-5 चुन्नू और मुन्नू ने कौन-सा खिलौना ख़रीदा?

उत्तर - चुन्नू और मुन्नू ने हाथी और घोड़ा ख़रीदा।

प्रश्न-6 रोहिणी के पति का क्या नाम था?

उत्तर- रोहिणी के पति का नाम विजय बाबू था।

प्रश्न-7 चुन्नू-मुन्नू कौन थे और कहाँ गए थे?

उत्तर- चुन्नू-मुन्नू रोहिणी के बच्चे थे और पार्क में खेलने गए थे।

प्रश्न-8 मिठाईवाला पहले क्या था?

उत्तर- मिठाईवाला पहले प्रतिष्ठित व्यापारी था।

लघु प्रश्न-

प्रश्न 1. मुरलीवाला कैसा दिखता था?

उत्तर - मुरलीवाला तीस-बत्तीस का दुबला-पतला गोरा युवक था और वह बीकानेरी रंगीन साफ़ा बाँधता था।

प्रश्न 2. मुरलीवाले का व्यवहार बच्चों के साथ कैसा था?

उत्तर - मुरलीवाले का व्यवहार बच्चों के साथ बहुत स्नेह वाला था। बच्चे जो रंग पसंद करते, मुरलीवाला उसी रंग की मुरली निकाल कर दे देता था।

प्रश्न 3. खिलौनेवाले के आने पर बच्चों की क्या प्रतिक्रिया होती थी?

उत्तर- खिलौनेवाले की मधुर आवाज़ सुनकर बच्चे अपना खेल छोड़कर खिलौनेवाले को घेर लेते थे। वे तोतली भाषा में खिलौने की कीमत पूछते थे। खिलौने खरीदते ही उछलने लगते थे। वे अपनी पसंद का खिलौने लेने की ज़िद भी करते थे।

प्रश्न 4. रोहिणी को मुरलीवाले के स्वर से खिलौनेवाले का स्मरण क्यों हो आया?

उत्तर- मुरलीवाला भी खिलौनेवाले की तरह ही गा-गाकर मुरली बेच रहा था। रोहिणी को मुरलीवाले का स्वर जाना पहचाना लगा इसलिए उसे खिलौनेवाले का स्मरण हो आया।

दीर्घ प्रश्न-

प्रश्न 1. मिठाईवाला अलग-अलग चीज़ें क्यों बेचता था और वह महीनों बाद क्यों आता था?

उत्तर- बच्चे एक ही चीज़ से ऊब न जाएँ इसलिए वह बच्चों के पसंद की अलग-अलग चीज़ें बेचता था। वह महीनों बाद इसलिए आता था ताकि उसकी चीज़ों में बच्चों की उत्सुकता बनी रहे। उसे पैसों का कोई लालच नहीं था, वह तो केवल अपने मन की संतुष्टि के लिए बच्चों की मनपसंद चीज़ें बेचा करता था।

प्रश्न 2. मिठाईवाले में वे कौन-से गुण थे जिनकी वजह से बच्चे तो बच्चे, बड़े भी उसकी ओर खींचे चले आते थे?

उत्तर- निम्नलिखित कारणों से बच्चे तथा बड़े मिठाई वाले की ओर खिंचे चले आते थे –

(क) मिठाईवाला मधुर स्वर में गाकर अपनी चीज़ों को बेचता था।

(ख) वह सस्ते में बच्चों को खिलौने तथा मिठाइयाँ देता था।

(ग) उसके हृदय में बच्चों के लिए स्नेह था।

(घ) हर बार नई चीज़ें लाता था।

प्रश्न 3. विजय बाबू एक ग्राहक थे और मुरलीवाला एक विक्रेता दोनों अपने-अपने पक्ष के समर्थन में क्या तर्क पेश करते हैं?

उत्तर- एक ग्राहक के रूप में विजय बाबू अपना तर्क पेश करते हुए कहते हैं कि "तुम लोगों की झूठ बोलने की आदत होती है। देते होंगे सभी को दो-दो पैसों में पर एहसान का बोझ मेरे ही ऊपर लाद रहे हो"।

एक विक्रेता के रूप में मुरली वाले का तर्क है- "आपको क्या पता बाबूजी की इनकी असली लागत क्या है! यह तो ग्राहकों का दस्तूर होता है कि दुकानदार चाहे हानि उठाकर चीजें क्यों ना बेचे, पर ग्राहक यही समझते हैं- दुकानदार मुझे लूट रहा है। आप भला क्यों विश्वास करेंगे"।

प्रश्न 4. 'अब इस बार ये पैसे न लूँगा' कहानी के अंत में मिठाईवाले ने ऐसा क्यों कहा ?

उत्तर- 'अब इस बार ये पैसे न लूँगा' कहानी के अंत में मिठाई वाले ने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि-

(1) पहली बार किसी ने उसके प्रति इतनी आत्मीयता दिखाई और उसके दुख को समझने का प्रयास किया।

(2) वह भावुक हो गया।

(3) उसे रोहिणी के बच्चे चुन्नू-मुन्नू में अपने बच्चे नज़र आए।

प्रश्न 5. – इस कहानी में रोहिणी चिक के पीछे से बात करती है। क्या आज भी औरतें चिक के पीछे से बात करती है ? आपकी राय में क्या यह सही है ?

उत्तर- आज की औरतें चिक के पीछे से बात नहीं करतीं। यदि कुछ औरतें ऐसा करती भी है तो वे अपने पिछड़ेपन का परिचय देती हैं। कभी-कभी ऐसा करने के लिए उन पर घर के सदस्यों का दबाव भी होता है। मेरी राय में यह सही नहीं है। हर औरत को आज के युग के अनुसार खुलकर अपनी बात कहनी चाहिए।

व्याकरण भाग

प्रश्न **1.** नीचे दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करते हुए शब्दों का मानक रूप लिखिए –

अतर, अबर, चद्रमा, सघर्ष, सस्कार, अक, जगली, दगल, पकज, बजारा।

उत्तर: अंतर, अंबर, चंद्रमा, संघर्ष, संस्कार, अंक, जंगली, दंगल, पंकज, बंजारा।

प्रश्न **2.** नीचे दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग करके शब्दों को पुनः लिखिए-

हंसमुख, अंगड़ाई, आंचल, आंवला, आंधी, कांटा, चांदनी, आंसू, ऊंचाई, पहुंचना।

उत्तर: हँसमुख, अँगड़ाई, आँचल, आँवला, आँधी, काँटा, चाँदनी, आँसू, ऊँचाई पहुँचना।

प्रश्न-**3** दिए गए उपसर्गों के दो-दो शब्द लिखिए -

1 अनु – अनुमान , अनुशासन
2 अप – अपमान , अपशब्द
3 अभि – अभिमान , अभिनय
4 अव – अवगुण , अवकाश
5 आ - आजीवन , आमरण
6 उप – उपनाम , उपदेश
7 प्र - प्रयोग , प्रबल
8 वि - विदेश , विनाश

प्रश्न-**4** दिए गए प्रत्ययों के दो-दो शब्द लिखिए -

1 पन – बचपन , लड़कपन

2 दार – समझदार , दुकानदार

3 गर – बाज़ीगर , सौदागर

4 वान – धनवान , दयावान

5 आहट - कड़वाहट , चिकनाहट

6 इक – मौखिक , धार्मिक

7 आस - मिठास , खटास

8 ईन - नमकीन , रंगीन

प्रश्न-5 वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए –

1- जिसको पराजित न किया जा सके – अपराजेय

2 - जिसकी सीमा न हो – असीम

3- जो दूसरों से ईर्ष्या करता हो – ईर्ष्यालु

4- जो कड़वे वचन बोलता हो – कटु भाषी

5 – श्रेष्ठ कुल में जन्म लेने वाला – कुलीन

*****************************

